इसमें से पांच एकड़ पर बैंबू गार्डन व बाकी 20 एकड़ भूमि पर स्वच्छता से संबंधित मशीनरी लगी है। इस अवसर पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम मुहिम के अंतर्गत पौधरोपण भी किया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस 25 सितंबर को स्वच्छता पर बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण हो रहा : दिल्ली सरकार के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली को कूड़े के पहाड़ से स्वच्छ राजधानी की ओर बनाने का सरकार का संकल्प तेजी से पूरा किया जा रहा है। लैंडफिल स्थलों की समस्या का निर्णायक समाधान वैज्ञानिक तरीके से किया जा रहा है। वहीं, महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि भलस्वा लैंडफिल साइट की ऊंचाई 15 मीटर कम कर दी है। पहले भलस्वा लैंडफिल साइट पर 73 लाख मीट्रिक टन कचरा था, जो अब 43 लाख मीट्रिक टन रह गया है।

https://www.livehindustan.com/ncr/new-delhi/story-union-minister-inspects-bhalswa-landfill-site-plans-for-waste-disposal-by-october-2024-201758116531453.amp.html

अमर उजाला

# Noida News: भलस्वा में कूड़े का पहाड़ अगले साल 2 अक्तूबर तक होगा खत्म

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने किया दौरा, श्रमिकों को मिलेगी 5000 की प्रोत्साहन राशि

45 लाख मीट्रिक टन लीगेसी कचरे का होगा निस्तारण

**अमर उजाला ब्यूरो**

**नई दिल्ली। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को सेवा पखवाड़े के अवसर पर भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि यहां जमा 45 लाख मीट्रिक टन लीगेसी कचरे का निस्तारण अगले वर्ष दो अक्तूबर तक किया जाएगा। वहीं, यहां काम कर रहे श्रमिकों को 5000 रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर नियमित स्वास्थ्य जांच कराई जाएगी।**

**उन्होंने कहा कि भलस्वा, गाजीपुर और ओखला की तीन साइट सबसे बड़ी चुनौती हैं। इन तीनों साइट को खत्म करने की जिम्मेदारी मैंने ली है। भलस्वा में डीडीए साझेदार के रूप में काम कर रहा है और बाकी जगह भी यही रणनीति अपनाई जाएगी। अब तक भलस्वा लैंडफिल पर बायो-रेमेडिएशन की प्रक्रिया से करीब 25 एकड़ जमीन खाली हो चुकी है। इसमें से पांच एकड़ पर बांस गार्डन तैयार किया गया है। 20 एकड़ पर स्वच्छता से संबंधित मशीनरी लगाई गई है। अब ताजा कचरे और लीगेसी कचरे को अलग-अलग निस्तारित किया जाएगा ताकि काम और तेजी से आगे बढ़ सके। कंपोस्ट खाद का उपयोग डीडीए और नगर निगम के पार्कों में किया जा रहा है। यह काम केवल कचरे को हटाना नहीं है, बल्कि कचरे को संसाधन में बदलकर दिल्ली को एक नई दिशा देना है।**

**धरातल पर उतर रहा संकल्प : सूद**

**शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने कहा कि राजधानी को कूड़े के पहाड़ से स्वच्छ राजधानी बनाने का संकल्प अब धरातल पर उतर रहा है। तीनों लैंडफिल साइटों पर 50 प्रतिशत से अधिक कचरे का निस्तारण पहले ही हो चुका है। यह सिर्फ ढांचागत उपलब्धि नहीं बल्कि दिल्ली की पर्यावरणीय गरिमा बहाल करने का प्रमाण है। इस दौरान मेयर राजा इकबाल सिंह, उपमहापौर जयभगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा भी मौजूद रहीं।**

https://www.amarujala.com/delhi-ncr/noida/the-bhalswa-garbage-mountain-will-be-cleared-by-october-2-next-year-noida-news-c-340-1-del1011-105226-2025-09-17

# भलस्वा कूड़े का पहाड़ 1 साल में खत्म करेंगे... पीएम मोदी के जन्मदिन पर मनोहर लाल खट्टर का संकल्प

मनोहर खट्टर ने कहा कि दिल्ली के तीन बड़े कूड़े के पहाड़ों को स्वच्छ करने की जिम्मेदारी उन्होंने ली है. डीडीए भलस्वा लैंडफिल साइट को साफ करने में पार्टनर ऑर्गेनाइजेशन रहेगा. यहां करीब 25 एकड़ लैंड खाली हो चुकी है.



भलस्वा से एक साल में कूड़े का पहाड़ खत्म करने का संकल्प.

**नई दिल्ली:** पीएम मोदी के जन्मदिन पर शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर भलस्वा डेयरी के कूड़े के पहाड़ पर पहुंचे. इस दौरान उन्होंने कहा कि कूड़े के इस पहाड़ को एक साल में खत्म कर देंगे. उन्होंने कहा कि इस कूड़े से कई तरह का अलग-अलग सामान बनाने का काम किया जा रहा है. हम सभी का संकल्प है कि कूड़े के इस पहाड़ को 1 साल के अंदर खत्म किया जाए. साथ ही उन्होंने दूसरों से ही ये संकल्प लेने को कहा कि हमें कूड़ा नहीं फैलाना है बल्कि सफाई करने की जरूरत है.



### दिल्ली के तीन बड़े कूड़े के पहाड़ साफ करेंगे

उन्होंने कहा कि दिल्ली के तीन बड़े कूड़े के पहाड़ों को स्वच्छ करने की जिम्मेदारी उन्होंने ली है. डीडीए भलस्वा लैंडफिल साइट को साफ करने में पार्टनर ऑर्गेनाइजेशन रहेगा. यहां करीब 25 एकड़ लैंड खाली हो चुकी है. 5 एकड़ पर बांबू गार्डन तैयार किया जा रहा है और 20 एकड़ जमीन स्वच्छता के काम में उपयोग की जा रही है. 45 लाख मीट्रिक टन जो कूड़ा यहां बचा हुआ है उसे 2 अक्टूबर से पहले तक खत्म करने का हमारा संकल्प है. वह खुद यहां की मॉनिटरिंग कर रहे हैं. सभी विभाग साथ मिलकर काम कर रहे हैं. 1 साल में कूड़े के इस पहाड़ को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा. जल्द ही वह दिल्ली के बाकी दो कूड़े के पहाड़ों का भी निरीक्षण करेंगे कि वहां पर अभी क्या स्थिति बनी हुई है.

### कूड़े के पहाड़ पर काम करने वालों को मिलेगा दीवाली बोनस

मनोहर खट्टर ने कहा कि कूड़े के पहाड़ पर काम करने वालों को दीवाली का बोनस दिया जाएगा. तीनों कूड़े के पहाड़ पर काम करने वाले कर्मचारियों को दिवाली के मौके पर 5000 रुपये प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी. साथ ही इन कर्मचारियों के स्वास्थ्य की भी जांच की जाएगी.

### 15 दिन तक चलेगा सेवा पखवाड़ा

मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिवस है. वह उनको बहुत बधाई देते हैं और प्रभु से कामना करते हैं कि पीएम पर प्रभु की कृपा बनी रहे. पीएम के जन्मदिन के मौके पर 15 दिन का सेवा पखवाड़ा किया जा रहा है, जो कि 2 अक्टूबर को खत्म होगा. इस दौरान कई सामाजिक कार्य किए जाएंगे. स्वच्छता भी इनमें एक है. 25 सितंबर को भी स्वच्छता का एक बड़ा कार्यक्रम किया जाएगा. उन्होंने कहा कि एक दिन एक घंटा एक साल सारे देश में सभी लोगों से आह्वान किया गया है कि अपने घर अपने आसपास अपने दफ्तर में स्वच्छता का विशेष तौर पर कार्य करें.

https://ndtv.in/delhi-news/minister-manohar-lal-khattars-pledge-on-pm-modis-birthday-bhalswa-garbage-mountain-to-be-cleared-in-one-year-9292892

जागरण

# 'दिल्ली के लैंडफिल साइट के कर्मचारियों को मिलेगी 5000 रुपये की प्रोत्साहन राशि', केंद्रीय मंत्री का एलान

प्रधानमंत्री मोदी की जन्मतिथि पर मंत्री मनोहर लाल ने दिल्ली के लैंडफिल कर्मचारियों को दिवाली पर प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। भलस्वा लैंडफिल साइट को अगले साल 2 अक्टूबर तक साफ़ करने का लक्ष्य रखा गया है जिसकी जिम्मेदारी स्वयं मंत्री ने ली है। उन्होंने कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की और कहा कि स्वच्छ भारत अभियान में उनका योगदान महत्वपूर्ण है।



*दिल्ली के लैंडफिल स्थलों के कर्मचारियों को मिलेगी पांच हजार रुपये प्रोत्साहन राशि : मनोहरलाल*

**जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म तिथि पर केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने दो महत्वपूर्ण घोषणा कीं। पहली, दिल्ली के तीनों लैंडफिल साइट पर कार्यरत सभी कर्मचारियों को दिवाली पर पांच हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साथ ही कर्मचारियों के मुफ्त स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की जाएगी। दूसरी, भलस्वा लैंडफिल साइट की सफाई की व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेते हुए अगले वर्ष दो अक्टूबर तक पूर्ण रूप से पुराने कचरे का निष्तारण कर दिया जाएगा।

बुधवार को सेवा पखवाड़े के अवसर पर केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहरलाल ने दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद व नगर निगम महापौर व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा किया और पुराने कचरे के निस्तारण के कार्य का निरीक्षण किया। कचरा निस्तारण के कार्य से संबंधित प्रस्तुति भी देखी। केंद्रीय मंत्री समेत सभी ने एक पेड़ मां के नाम मुहिम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में 1470 पुराने कचरे के डंप चिन्हित किए गए हैं, इनमें दिल्ली में भलस्वा,गाजीपुर एवं ओखला में तीन लैंडफिल साइट हैं। इन तीनों लैंडफिल साइट को निस्तारित करने की जिम्मेदारी मैंने ली है। भलस्वा लैंडफिल साइट पर कार्य करने के लिए डीडीए को साझीदार बनाया गया है।

उन्होंने लैंडफिल साइट पर कार्य कर रहे निगम कर्मचारियों, कचरा निस्तारण में कार्यरत कंपनी के कर्मचारियों, कूड़ा गाड़ी के ड्राइवरों के कार्यों की सराहना की और सभी कर्मियों को 5000 रुपये की प्रोत्साहन राशि देंगे तथा इनकी स्वास्थ्य जांच भी की जाएगी। स्वच्छ भारत अभियान में अपनी लगन और कड़ी मेहनत से योगदान देने वाले इन सभी कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान ही हमारी सच्ची सेवा है।

उन्होंने बताया कि बायो रेमेडिएशन के बाद भलस्वा लैंडफिल साइट पर लगभग 25 एकड़ भूमि खाली हुई है जिसमें से पांच एकड़ पर बेंबू गार्डन एवं बाकी 20 एकड़ भूमि पर स्वच्छता से संबंधित मशीनरी लगी है। उन्होंने कहा कि अभी तक ताजा कचरा एवं पुराना कचरा एक ही जगह पर निस्तारित किया जा रहा था, लेकिन अब निर्णय लिया है कि ताजा कचरा अलग से निस्तारित किया जाएगा। भलस्वा लैंडफिल साइट पर जमा 45 लाख मीट्रिक टन पुराने कचरे को अगले वर्ष दो अक्टूबर से पहले निस्तारित करके खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्य की निगरानी वे स्वयं करेंगे।

दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली को कूड़े के पहाड़ से स्वच्छ राजधानी की ओर बनाने का दिल्ली सरकार का संकल्प तेजी से पूरा किया जा रहा है। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, उपमहापौर जयभगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, उपाध्यक्ष सुंदर सिंह, नेता सदन प्रवेश वाही के अलावा गुलाब सिंह, संदीप कपूर, निगमायुक्त अश्वनी कुमार, अतिरिक्त आयुक्त जितेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

https://www.jagran.com/delhi/new-delhi-city-ncr-manohar-lal-announces-bhalswa-landfill-cleanup-diwali-bonus-24050895.html

हिन्दुस्तान

## दिल्ली में कर्मचारियों को मिलेगा दिवाली बोनस, जानिए किसे मिलेंगे 5-5 हजार रुपये?

भलस्वा लैंडफिल में बोलते हुए, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि उन्होंने इस जगह की सफाई की व्यक्तिगत जिम्मेदारी ली है। दिल्ली सरकार से इसमें तेजी लाने के लिए संबंधित संगठनों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह किया है।

दिल्ली के तीन लैंडफिल साइटों पर काम करने वाले सभी कर्मचारियों को दिवाली से पहले 5000-5000 रुपये की स्पेशल इन्सेंटिव दी जाएगी। इसकी घोषणा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने की। भलस्वा लैंडफिल में बोलते हुए, खट्टर ने कहा कि उन्होंने इस जगह की सफाई की व्यक्तिगत जिम्मेदारी ली है। दिल्ली सरकार से इसमें तेजी लाने के लिए संबंधित संगठनों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह किया है।

एक्स पर एक पोस्ट में, केंद्रीय मंत्री ने लिखा, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 'स्वच्छ भारत मिशन' के माध्यम से राष्ट्र सेवा का एक नया मार्ग प्रशस्त किया है। आज उनके जन्मदिन के अवसर पर, देश भर में स्वच्छता और सेवा पर केंद्रित कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

पोस्ट में आगे लिखा था, "आज स्वच्छता ही सेवा 2025 के दौरान, दिल्ली के तीन लैंडफिल स्थलों पर कार्यरत सभी कर्मचारियों के लिए दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं - चाहे वे एमसीडी कर्मचारी हों, सफाई कर्मचारी हों या ड्राइवर।"

दिल्ली के तीन लैंडफिल साइटों में भलस्वा, गाजीपुर और ओखला शामिल हैं। पोस्ट के मुताबिक, प्रत्येक कर्मचारी को दिवाली से पहले 5000 रुपये का स्पेशल इंसेंटिव दिया जाएगा। इसके साथ ही उनके लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की जाएगी।

इसके अलावा, खट्टर ने बताया कि देश भर में लगभग 1,470 पुराने अपशिष्ट स्थल हैं, जिनमें से तीन प्रमुख स्थल अकेले दिल्ली में हैं। मंत्री ने यह भी बताया कि 25 एकड़ जमीन पहले ही साफ कर दी गई है। इसमें से 5 एकड़ बाँस के समूह और 20 एकड़ सफाई कार्य में इस्तेमाल की जा रही है।

https://www.livehindustan.com/ncr/employees-in-delhi-will-get-diwali-incentive-who-will-get-rs-5-000-each-201758102500134.amp.html

अमर उजाला

## केंद्र ने संभाली कमान: भलस्वा लैंडफिल को केंद्रीय मंत्री मनोहर खट्टर ने लिया गोद, अब साइट को मिलेगी नई पहचान

केंद्रीय शहरी विकास एवं आवास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस लैंडफिल साइट को गोद लिया है और एक साल के भीतर इसे कूड़ा मुक्त करने का लक्ष्य तय किया है।



लैंडफिल साइट - फोटो : अमर उजाला

भलस्वा लैंडफिल को कूड़ा मुक्त करने और क्षेत्र को विकसित करने की कमान केंद्र सरकार ने संभाल ली है। केंद्रीय शहरी विकास एवं आवास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस लैंडफिल साइट को गोद लिया है और एक साल के भीतर इसे कूड़ा मुक्त करने का लक्ष्य तय किया है। अब तक यह काम उपराज्यपाल संभाले हुए थे लेकिन केंद्र सरकार के हस्तक्षेप से परियोजना को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। खट्टर ने स्पष्ट कर दिया है कि भलस्वा को दिल्ली के लिए मॉडल साइट के रूप में विकसित किया जाएगा।

जून 2022 में ड्रोन आकलन से पता चला था कि भलस्वा लैंडफिल पर 73 लाख मीट्रिक टन कचरा जमा है। अब तक 62.36 लाख मीट्रिक टन लीगेसी कचरे की बायो-माइनिंग हो चुकी है। नौ जुलाई 2025 तक यहां 32.34 लाख मीट्रिक टन ताजा कचरा और मलबा भी डाला गया। फिलहाल 42.98 लाख मीट्रिक टन कचरा प्रोसेसिंग के लिए बचा है।

एमसीडी के आंकड़ों के मुताबिक मई 2025 में 3,04,899 मीट्रिक टन, जून में 2,85,843 मीट्रिक टन और जुलाई के पहले नौ दिनों में ही 1,18,549 मीट्रिक टन कचरे की बायो-माइनिंग की गई। साइट पर 18 ट्रोमेल मशीनें लगातार काम कर रही हैं और अतिरिक्त मशीनें भी लगाई गई हैं। मूल योजना दिसंबर 2026 तक 100 प्रतिशत बायो-माइनिंग पूरी करने की थी, लेकिन खट्टर की देखरेख में इसे एक साल के भीतर पूरा करने का प्रयास होगा।

**70 एकड़ जमीन का पुनर्विकास**

कचरे से खाली होने वाली लगभग 70 एकड़ जमीन पर एमसीडी ने पुनर्विकास की योजना बनाई है। 50 एकड़ पर आधुनिक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) सुविधाएं, ट्रांसफर स्टेशन और मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर, 10 एकड़ में 500 टन प्रतिदिन क्षमता वाला बायो-मीथेनेशन/बायो-सीएनजी प्लांट, 10 एकड़ में हरित पट्टी और प्रतिपूरक पौधरोपण करेगी।

**पर्यावरणीय पहल**

साइट पर बांस लगाए जाएंगे जो प्रदूषण सोखने में मदद करेंगे और मिट्टी को मजबूत भी बनाएंगे। साइट की बाउंड्री पर घना वन क्षेत्र विकसित करने की योजना है। ताकि आसपास की बस्तियों पर प्रदूषण का असर कम होगा।

**चुनौतियों भरी राह**

विशेषज्ञों का मानना है कि एक साल में पूरे लैंडफिल को कूड़ा मुक्त करना आसान काम नहीं है। इसमें न केवल मशीनों और संसाधनों की जरूरत होगी, बल्कि नई ताजा डंपिंग को भी रोकना एक बड़ी चुनौती होगी। एमसीडी और केंद्र सरकार दोनों के सामने यह परीक्षा की घड़ी होगी कि क्या वे तय समय सीमा के भीतर दिल्ली को इस कचरे के पहाड़ से निजात दिला पाएंगे।

https://www.amarujala.com/delhi-ncr/union-minister-manohar-khattar-adopted-bhalswa-landfill-now-the-site-will-get-a-new-identity-2025-09-17?src=top-subnav

# मनोहर लाल खट्टर का बड़ा ऐलान, भलस्वा लैंडफिल साइट से 2026 तक खत्म हो जाएगा कूड़े का पहाड़

Bhalswa Dumping Ground: दिल्ली की भलस्वा लैंडफिल साइट पर जमा 45 लाख टन कचरे का निस्तारण तय समय सीमा में पूरा किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह काम अगले साल 2 अक्टूबर तक खत्म हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने जानकारी दी कि अब तक करीब 25 एकड़ जमीन खाली हो चुकी है।



*केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर*

**Bhalswa Dumping Ground:** दिल्ली के लिए एक बड़ी राहत की खबर आ रही है। राजधानी का प्रमुख भलस्वा लैंडफिल साइट अब धीरे-धीरे खाली हो रहा है। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भलस्वा में जमा लगभग 45 लाख मीट्रिक टन लीगेसी कचरा अगले साल 2 अक्टूबर तक पूरी तरह निस्तारित कर दिया जाएगा।

लंबे समय से दिल्ली के सामने खड़ी यह चुनौती अब समाधान की ओर बढ़ रही है। मंत्री ने बताया कि इस कचरे को केवल हटाया नहीं जा रहा, बल्कि इसका उपयोग भी किया जा रहा है। इनर्ट सामग्री का इस्तेमाल सड़कों और निर्माण कार्यों में हो रहा है, आरडीएफ सीमेंट फैक्ट्रियों में ईंधन बन गया है, सीएंडडी वेस्ट से टाइलें बन रही हैं और कंपोस्ट खाद दिल्ली के पार्कों में काम आ रही है।

## कितना कचरा अब तक हुआ खत्म

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने जानकारी दी कि अब तक करीब 25 एकड़ जमीन खाली हो चुकी है। इसमें से 5 एकड़ पर बांस गार्डन विकसित किया गया है, जबकि शेष भूमि पर आधुनिक मशीनें लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि अब से ताजा कचरे और लीगेसी कचरे को अलग-अलग प्रोसेस किया जाएगा, ताकि काम और तेज़ी से हो सके।

लैंडफिल पर काम कर रहे कर्मचारियों की मेहनत की सराहना करते हुए मंत्री ने घोषणा की कि उन्हें 5000 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी और उनकी स्वास्थ्य जांच भी कराई जाएगी।

## आशीष सूद ने क्या कुछ कहा?


दिल्ली सरकार के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने कहा कि राजधानी को कचरे के पहाड़ों से मुक्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उनके अनुसार, दिल्ली की तीनों लैंडफिल साइट्स (भलस्वा, गाजीपुर और ओखला) पर अब तक 50 प्रतिशत से अधिक कचरे का निस्तारण हो चुका है।

महापौर राजा इकबाल सिंह ने बताया कि भलस्वा साइट की ऊंचाई अब तक 15 मीटर घट चुकी है। पहले यहां 73 लाख मीट्रिक टन कचरा था, जो अब घटकर 43 लाख टन रह गया है। अगर तय योजना के अनुसार काम समय पर पूरा हुआ, तो आने वाला साल दिल्ली के लिए एक बड़ी उपलब्धि लेकर आएगा और राजधानी की यह पुरानी समस्या आखिरकार खत्म हो जाएगी।

https://www.timesnowhindi.com/india/manohar-lal-khattars-big-announcement-bhalswas-4-5-million-tonne-garbage-mountain-to-be-cleared-by-2026-article-152843673

नवोदय टाइम्स

# दिल्ली के लैंडफिल पर सफाई कर्मियों के लिए 5,000 रुपये की दिवाली प्रोत्साहन राशि का ऐलान




**नई दिल्ली/टीम डिजिटल।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को घोषणा की कि दिल्ली के तीन लैंडफिल स्थलों पर कार्यरत सभी श्रमिकों को दिवाली से पहले 5,000 रुपये की विशेष प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। खट्टर ने भलस्वा लैंडफिल पर कहा कि उन्होंने इस स्थल की सफाई की व्यक्तिगत जिम्मेदारी ली है और उन्होंने दिल्ली सरकार से इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए संबंधित संगठनों के साथ सक्रिय सहयोग करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने 'एक्स' पर हिंदी में एक पोस्ट साझा करते हुए कहा, "माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 'स्वच्छ भारत मिशन' के माध्यम से राष्ट्रसेवा का एक नया मार्ग प्रशस्त किया है। आज उनके जन्मदिन के अवसर पर पूरे देश में 'स्वच्छता ही सेवा' पर केंद्रित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।"

**सभी कर्मचारियों के लिए दो महत्वपूर्ण निर्णय**

पोस्ट में आगे लिखा गया है, "आज 'स्वच्छता ही सेवा 2025' के दौरान, दिल्ली के तीन लैंडफिल साइट पर काम करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए दो महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए हैं- चाहे वे एमसीडी (दिल्ली नगर निगम) कर्मचारी हों, सफाई कर्मचारी हों या ड्राइवर।" दिल्ली में तीन लैंडफिल साइट भलस्वा, गाजीपुर और ओखला हैं। पोस्ट के अनुसार, प्रत्येक कर्मचारी को दिवाली से पहले 5,000 रुपये की विशेष प्रोत्साहन राशि दी जाएगी और उनकी निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की भी व्यवस्था की जाएगी। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ भारत अभियान में अपनी लगन और मेहनत से योगदान देने वाले इन सभी कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान ही हमारी सच्ची सेवा है।

**सभी कर्मचारियों के लिए दो महत्वपूर्ण निर्णय**

पोस्ट में आगे लिखा गया है, "आज 'स्वच्छता ही सेवा 2025' के दौरान, दिल्ली के तीन लैंडफिल साइट पर काम करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए दो महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए हैं- चाहे वे एमसीडी (दिल्ली नगर निगम) कर्मचारी हों, सफाई कर्मचारी हों या ड्राइवर।" दिल्ली में तीन लैंडफिल साइट भलस्वा, गाजीपुर और ओखला हैं। पोस्ट के अनुसार, प्रत्येक कर्मचारी को दिवाली से पहले 5,000 रुपये की विशेष प्रोत्साहन राशि दी जाएगी और उनकी निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की भी व्यवस्था की जाएगी। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ भारत अभियान में अपनी लगन और मेहनत से योगदान देने वाले इन सभी कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान ही हमारी सच्ची सेवा है।

उन्होंने जारी 'सेवा पखवाड़ा' के तहत बुधवार को भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा किया, जहां उन्होंने पुराने अपशिष्ट निपटान कार्यों का निरीक्षण किया और अगले वर्ष दो अक्टूबर तक संपूर्ण संचित अपशिष्ट को समाप्त करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी। अपने दौरे के दौरान, मंत्री ने अपशिष्ट प्रबंधन प्रक्रिया पर एक विस्तृत प्रस्तुति की भी समीक्षा की और साइट के ऊपरी हिस्सों सहित लैंडफिल का स्थलीय निरीक्षण किया। "मां के नाम एक पेड़" अभियान के तहत वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया, जिसमें दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, दिल्ली महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, उप महापौर जयभगवान यादव, स्थायी समिति अध्यक्ष सत्य शर्मा और अन्य वरिष्ठ नगर निगम अधिकारियों सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

**पांच एकड़ भूमि को बांस के बगीचे में बदला**

खट्टर ने इस बात पर जोर दिया कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) आवश्यक भूमि और रसद सहायता प्रदान करके सफाई अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उनके अनुसार, जैव-उपचार प्रयासों के बाद लगभग 25 एकड़ भूमि का पुनर्ग्रहण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इसमें से पांच एकड़ भूमि को बांस के बगीचे में बदल दिया गया है, जबकि शेष क्षेत्र का उपयोग स्वच्छता संबंधी मशीनरी स्थापित करने और संचालित करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने संचालन प्रक्रिया में बदलाव की भी घोषणा की, जिसमें कहा गया कि ताज़ा और पुराने कचरे, जिनका पहले एक ही स्थान पर निपटान किया जाता था, का अब दक्षता में सुधार के लिए अलग-अलग प्रबंधन किया जाएगा। मंत्री ने दिल्ली के नागरिकों से स्वच्छता प्रथाओं को अपने दैनिक जीवन में शामिल करके स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की भी अपील की।

उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि आगामी त्योहार, जैसे नवरात्रि और दशहरा, स्वच्छता और सफाई के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ मनाए जाने चाहिए। मंत्री की भावनाओं को दोहराते हुए, सूद ने कहा कि सरकार दिल्ली को कूड़े के ढेर से ग्रस्त शहर से एक स्वच्छ, हरित और आधुनिक राजधानी में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि 50 प्रतिशत से ज़्यादा पुराने कचरे का प्रसंस्करण पहले ही किया जा चुका है और दोहराया कि यह मिशन सिर्फ़ एक बुनियादी ढांचागत पहल नहीं है, बल्कि दिल्ली की पर्यावरणीय गरिमा को बहाल करने की दिशा में एक कदम है। इकबाल सिंह ने उत्साहजनक आंकड़े भी साझा किए, जिसमें बताया गया कि भलस्वा लैंडफिल की ऊंचाई पहले ही 15 मीटर कम कर दी गई है। उन्होंने बताया कि नये कचरे की लगातार आवक के बावजूद, पुराने कचरे की कुल मात्रा 73 लाख मीट्रिक टन से घटकर 43 लाख मीट्रिक टन हो गई है। उन्होंने बताया कि साइट से हटाए गए कचरे का बिजली उत्पादन, टाइल निर्माण और भूमि सुधार के लिए पुन: उपयोग किया जा रहा है।

https://www.navodayatimes.in/news/delhi-ncr/diwali-incentive-of-rs-5-000-announced-for-sanitation-workers-at-delhi-s-landfills/275881/

Devdiscourse
Discourse on Development

# Diwali Incentives for Delhi Landfill Workers Announced by Union Minister

Union Minister Manohar Lal Khattar announced a Rs 5,000 special Diwali incentive for workers at Delhi's three landfill sites. He urged collaboration with relevant organizations for quicker site cleanups and highlighted the importance of the workers in the Swachh Bharat Mission. Plans include health check-ups and future waste processing improvements.

Union Minister Manohar Lal Khattar announced on Wednesday a special Diwali incentive of Rs 5,000 for workers at Delhi's three landfill sites. This initiative aims to recognize their contribution to the Swachh Bharat Mission.

During a visit to the Bhalswa landfill, Khattar took responsibility for its cleanup and urged the Delhi Government's collaboration with organizations to expedite the process. He emphasized that safety and respect for all workers are crucial as they tirelessly work towards a cleaner India.

Khattar revealed that around 1,470 legacy waste sites exist nationally, highlighting three major ones in Delhi. The Delhi Development Authority will assist by providing land and logistical support for cleanup. Plans to separate legacy and fresh waste processing aim for improved efficiency, with 25 acres already cleared.

https://www.devdiscourse.com/article/law-order/3631134-diwali-incentives-for-delhi-landfill-workers-announced-by-union-minister

# दिल्ली के लैंडफिल पर सफाई कर्मचारियों के लिए 5,000 रुपये की दिवाली प्रोत्साहन राशि की घोषणा

नयी दिल्ली, 17 सितंबर (भाषा) केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को घोषणा की कि दिल्ली के तीन लैंडफिल स्थलों पर कार्यरत सभी श्रमिकों को दिवाली से पहले 5,000 रुपये की विशेष प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

खट्टर ने भलस्वा लैंडफिल पर कहा कि उन्होंने इस स्थल की सफाई की व्यक्तिगत जिम्मेदारी ली है और उन्होंने दिल्ली सरकार से इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए संबंधित संगठनों के साथ सक्रिय सहयोग करने का आग्रह किया।

केंद्रीय मंत्री ने 'एक्स' पर हिंदी में एक पोस्ट साझा करते हुए कहा, "माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 'स्वच्छ भारत मिशन' के माध्यम से राष्ट्रसेवा का एक नया मार्ग प्रशस्त किया है। आज उनके जन्मदिन के अवसर पर पूरे देश में 'स्वच्छता ही सेवा' पर केंद्रित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।"

पोस्ट में आगे लिखा गया है, "आज 'स्वच्छता ही सेवा 2025' के दौरान, दिल्ली के तीन लैंडफिल साइट पर काम करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए दो महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए हैं- चाहे वे एमसीडी (दिल्ली नगर निगम) कर्मचारी हों, सफाई कर्मचारी हों या ड्राइवर।'

दिल्ली में तीन लैंडफिल साइट भलस्वा, गाजीपुर और ओखला हैं।

पोस्ट के अनुसार, प्रत्येक कर्मचारी को दिवाली से पहले 5,000 रुपये की विशेष प्रोत्साहन राशि दी जाएगी और उनकी निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की भी व्यवस्था की जाएगी। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ भारत अभियान में अपनी लगन और मेहनत से योगदान देने वाले इन सभी कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान ही हमारी सच्ची सेवा है।

उन्होंने जारी 'सेवा पखवाड़ा' के तहत बुधवार को भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा किया, जहां उन्होंने पुराने अपशिष्ट निपटान कार्यों का निरीक्षण किया और अगले वर्ष दो अक्टूबर तक संपूर्ण संचित अपशिष्ट को समाप्त करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी।

अपने दौरे के दौरान, मंत्री ने अपशिष्ट प्रबंधन प्रक्रिया पर एक विस्तृत प्रस्तुति की भी समीक्षा की और साइट के ऊपरी हिस्सों सहित लैंडफिल का स्थलीय निरीक्षण किया।

'मां के नाम एक पेड़' अभियान के तहत वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया, जिसमें दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, दिल्ली महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, उप महापौर जयभगवान यादव, स्थायी समिति अध्यक्ष सत्य शर्मा और अन्य वरिष्ठ नगर निगम अधिकारियों सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

खट्टर ने इस बात पर जोर दिया कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) आवश्यक भूमि और रसद सहायता प्रदान करके सफाई अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उनके अनुसार, जैव-उपचार प्रयासों के बाद लगभग 25 एकड़ भूमि का पुनर्ग्रहण किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि इसमें से पांच एकड़ भूमि को बांस के बगीचे में बदल दिया गया है, जबकि शेष क्षेत्र का उपयोग स्वच्छता संबंधी मशीनरी स्थापित करने और संचालित करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने संचालन प्रक्रिया में बदलाव की भी घोषणा की, जिसमें कहा गया कि ताज़ा और पुराने कचरे, जिनका पहले एक ही स्थान पर निपटान किया जाता था, का अब दक्षता में सुधार के लिए अलग-अलग प्रबंधन किया जाएगा।

मंत्री ने दिल्ली के नागरिकों से स्वच्छता प्रथाओं को अपने दैनिक जीवन में शामिल करके स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की भी अपील की उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि आगामी त्योहार, जैसे नवरात्रि और दशहरा, स्वच्छता और सफाई के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ मनाए जाने चाहिए।

मंत्री की भावनाओं को दोहराते हुए, सूद ने कहा कि सरकार दिल्ली को कूड़े के ढेर से ग्रस्त शहर से एक स्वच्छ, हरित और आधुनिक राजधानी में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि 50 प्रतिशत से ज़्यादा पुराने कचरे का प्रसंस्करण पहले ही किया जा चुका है और दोहराया कि यह मिशन सिर्फ़ एक बुनियादी ढांचागत पहल नहीं है, बल्कि दिल्ली की पर्यावरणीय गरिमा को बहाल करने की दिशा में एक कदम है।

इकबाल सिंह ने उत्साहजनक आंकड़े भी साझा किए, जिसमें बताया गया कि भलस्वा लैंडफिल की ऊंचाई पहले ही 15 मीटर कम कर दी गई है। उन्होंने बताया कि नये कचरे की लगातार आवक के बावजूद, पुराने कचरे की कुल मात्रा 73 लाख मीट्रिक टन से घटकर 43 लाख मीट्रिक टन हो गई है। उन्होंने बताया कि साइट से हटाए गए कचरे का बिजली उत्पादन, टाइल निर्माण और भूमि सुधार के लिए पुनः उपयोग किया जा रहा है।

https://www.ibc24.in/country/announces-diwali-incentive-of-rs-5000-for-safai-karamcharis-at-delhi-landfills-3256865.html

SOCIAL NEWS XYZ

*The Millennial Media*

# New Delhi: Manohar Lal Khattar inspects Bhalswa Landfill – #Gallery










https://www.socialnews.xyz/2025/09/17/new-delhi-manohar-lal-khattar-inspects-bhalswa-landfill-gallery/



**NEW DELHI, SEP 17 (UNI) :- An Aerial view of landfill site dipicting the real time progress of being treated to clear off soon from national capital. On occasion of 75th birthday of Prime Minister Narendra Modi Union Minister of Power and Minister of Housing and Urban Affairs Manohar Lal Khattar had taken charge under the initative " Swachta Hi Seva 2025 " to clean this landfill site with the help of Delhi Govrt. whithin next year and today he had pay his visit along with Delhi MCD officials, Delhi Urban Minister Ashish sood and other to see the real time progress of this landfill Site at Bhalaswa, in New Delhi on Wednesday. Soon other landfill sites will also be cleaned after sucess of cleaning Bhalaswa Landfill Site in New Delhi. UNI PHOTO NC3U BY NIPUN CHANNA**

https://www.uniindia.com/photoes/638250.html

# VIDEOS




[https://www.youtube.com/watch?v=TWHX5rhk2qI](https://www.youtube.com/watch?v=TWHX5rhk2qI)




**केंद्रीय मंत्री Manohar Lal ने भलस्वा लैंडफिल साइट का किया दौरा, जमीनी स्थिति का लिय जायजा**

SuryaSamachar
273K subscribers

Subscribe | 0 | Share

# [https://www.youtube.com/watch?v=hBNAXaDh1vo](https://www.youtube.com/watch?v=hBNAXaDh1vo)




## Delhi: भलस्वा लैंडफिल होगा 'कूड़ा मुक्त' ! केंद्र सरकार ने संभाली कमान | Bhalswa Landfill |

Zee Delhi-NCR Haryana
127K subscribers

Subscribe

youtube.com/watch?v=-8NbC2JoTac




भलस्वा लैंडफिल साइट के दौरे पर केंद्रीय मंत्री Manohar Lal... किया पौधारोपण

SuryaSamachar
273K subscribers
Subscribe
1
Share

https://www.youtube.com/watch?v=bzKkzwsgJrg




https://www.youtube.com/shorts/Ccx0TQbHxTY




https://www.youtube.com/shorts/I92txy8_e5U

SAMVAD

# Swachhata Hi Seva 2025

# Social Analytics Report

**Period of Analysis:** 16.09.2025(11:30 am) - 17.09.2025(06:30 pm)

# SOCIAL REACH

- **#SwachhataHiSeva2025** witnessed **4.81k mentions** (total number of all posts including Reposts and Quote Tweets) by **2.16k users** (total number of unique handles who posted on X) generating **194k views** and an estimated reach of **54.5 Million**

- **#SwachhataHiSeva** witnessed **1.06k mentions** (total number of all posts including Reposts and Quote Tweets) by **629 users** (total number of unique handles who posted on X) generating **40.6k views** and an estimated reach of **18.8 Million**

- **#SHS2025** witnessed **4.33k mentions** (total number of all posts including Reposts and Quote Tweets) by **1.94k users** (total number of unique handles who posted on X) generating **142k views** and an estimated reach of **48.6 Million**

- **#Swachhotsav** witnessed **3.58k mentions** (total number of all posts including Reposts and Quote Tweets) by **1.67k users** (total number of unique handles who posted on X) generating **103k views** and an estimated reach of **29.2 Million**

- **#Swachhata** witnessed **280 mentions** (total number of all posts including Reposts and Quote Tweets) by **230 users** (total number of unique handles who posted on X) generating **32.8k views** and an estimated reach of **14.1 Million**

- **#Swachhatapledge** witnessed **84 mentions** (total number of all posts including Reposts and Quote Tweets) by **74 users** (total number of unique handles who posted on X) generating **3.03k views** and an estimated reach of **1.43 Million**

- **Gujarat, Delhi, Karnataka, Uttar Pradesh** and **Maharashtra** in that order saw the maximum social media activity

*1. Users indicate the total number of unique X handles which posted using a particular hashtag/keyword*

*2. Mentions indicate the total number of all posts (including Reposts and Quote Tweets) using a particular hashtag/keyword.*


*3. Reach indicates the sum of the total follower count for all the unique X handles that have posted using a particular hashtag/keyword. It is an estimate of the potential total audience of the posts.*


*4. Views are the total number of views for all posts.*

## TOP KEYWORDS




## KEY METRICS FOR X






## TOP 15 POSTS

| Sl. No. | HANDLE | CONTENT | URL |
|---|---|---|---|
| 1 | @mlkhattar | माननीय प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी के जन्मदिवस पर आज #SwachhataHiSeva2025 के राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत करते हुए दिल्ली स्थित भलस्वा लैंडफिल साइट का निरीक्षण किया एवं यहां कचरे के निपटान व प्रोसेसिंग योजनाओं की समीक्षा। भलस्वा को कचरे के ढेर से मुक्त कर, इसके रूपांतरण एवं सौंदर्यीकरण के माध्यम से दिल्ली के लिए एक मॉडल साइट के रूप में विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्वच्छता और सतत विकास को समर्पित इस अभियान के शुभारंभ के दौरान #EkPedMaaKeNaam पहल के अंतर्गत पौधारोपण किया। | https://twitter.com/mlkhattar/statuses/1968212148556902756 |
| 2 | @RailMinIndia | This 17th September, join Indian Railways in the #SwachhataHiSeva2025's 'Swachhotsav' initiative. Participate in Swachhata pledges, awareness workshops and public awareness workshops & events organised by NGOs, CSOs, etc. and contribute to building a cleaner, greener Railway. | https://twitter.com/RailMinIndia/statuses/1967964765411742031 |
| 3 | @RailMinIndia | 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सतीश कुमार जी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेल कर्मियों के साथ स्वच्छता की शपथ ली। #SwachhataHiSeva2025 #SHS2025 #SwachhBharat | https://twitter.com/RailMinIndia/statuses/1968245763101901241 |
| 4 | @RailMinIndia | 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सतीश कुमार जी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। | https://twitter.com/RailMinIndia/statuses/1968245011646226467 |
| 5 | @LabourMinistry | The Ministry of Labour and Employment stands firm in its mission of cleanliness and efficiency – building a cleaner, more productive India. #Swachhata & Efficiency #SpecialCampaign5.0 | https://twitter.com/LabourMinistry/statuses/1967897439849099499 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | @LabourMinistry | In Nov '24-Aug '25:<br>811 Physical Files weeded out ✅<br>E-Office Implemented 100% 🖥️<br>364383 Public Grievances Resolved 🗂️<br>37558 Grievances Appeals resolved<br>Cleanliness campaign conducted on more than 500 sites ♻️<br>🌐 Stay tuned for Swachhata Campaign 5.0 in Oct '25! | https://twitter.com/LabourMinistry/statuses/1967897442629955886 |
| 7 | @EduMinOfIndia | As part of #SwachhataHiSeva2025, the Ministry of Education organized an event today where Shri Sanjay Kumar, Secretary, Department of School Education & Literacy and Dr. Vineet Joshi, Secretary, Department of Higher Education, administered the Swachhata Pledge and distributed safety kits to SafaiMitras as part of SafaiMitra Suraksha Shivir.<br>In his address, Shri Sanjay Kumar emphasized two dimensions of cleanliness : Physical Cleanliness, ensuring clean surroundings and Temporal Cleanliness, ensuring timely action and grievance redressal. He underlined that a clean, green and positive work environment contributes directly to mental well-being and efficiency.<br>He also expressed gratitude to the SafaiMitras for their invaluable contribution in keeping the workplace clean and dignified.<br>Senior officials of the Ministry were present during the event.<br>SafaiMitras were appreciated for their dedicated service in ensuring cleanliness.<br>#SHS2025 #Swachhotsav #SpecialCampaign5.0 | https://twitter.com/EduMinOfIndia/statuses/1968208583088095674 |
| 8 | @EduMinOfIndia | The Swachhata Hi Sewa (SHS) campaign 2025 is being observed in all schools nationwide, beginning from 17th September and culminating on Swachh Bharat Diwas, i.e., 2nd October 2025.<br>The campaign aims to instill awareness on cleanliness, sanitation and sustainable practices among students, teachers and communities through activities such as Swachhta Shapath, campus cleanliness drives, essays, painting competitions, rallies, cultural events and plantation drives.<br>These efforts will empower students to lead by example and strengthen the vision of a cleaner, greener and healthier India. | https://twitter.com/EduMinOfIndia/statuses/1968229062633050623 |
| 9 | @GoI_MeitY | MeitY held a high-level preparatory meeting to finalize arrangements for the upcoming 'Swachhata Hi Seva' (SHS) 2025 campaign, reaffirming its commitment towards a cleaner, greener India. | https://twitter.com/GoI_MeitY/statuses/1967923492130795931 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | @MinOfCooperatn | #SWACHHOTSAV aims to promote nationwide awareness and encourage citizen participation in keeping public spaces clean, with a strong emphasis on the health and well-being of sanitation workers.<br>Together, let's make this a Jan Andolan! | https://twitter.com/MinOfCooperatn/statuses/1968187222793879766 |
| 11 | @MoHUA_India | Swachhotsav begins now !<br>#SHS2025 – #Swachhotsav rolls out nationwide today.<br>For the next 15 days, let's clean the CTUs near you, celebrate Clean & Green festivals to make our nation garbage free. | https://twitter.com/MoHUA_India/statuses/1968121715034296394 |
| 12 | @MIB_India | No contribution made for a cleaner, greener, healthier India goes wasted!<br>This festival season, make your celebrations SUP-free by choosing eco-friendly arrangements. Spread the message of #SwachhataHiSeva2025, join Swachhotsav. | https://twitter.com/MIB_India/statuses/1967944202332848266 |
| 13 | @MIB_India | #Swachhotsav rolls out nationwide!<br>For the next 15 days, let us:<br>✅ Transform dirty spots into CTUs<br>✅ Celebrate clean & green festivals<br>✅ Keep public spaces clean<br>✅Spread the message of Swachhata<br>✅ Participate in 'Ek Din, Ek Saath, Ek Ghanta' | https://twitter.com/MIB_India/statuses/1968252451686908333 |
| 14 | @MIB_India | Swachhotsav is Calling!<br>This #SHS2025, take part in #Swachhotsav as citizens across the nation come together to transform public spaces through massive cleanliness drives at various locations.<br>#SwachhataHiSeva2025 | https://twitter.com/MIB_India/statuses/1968260295786471582 |
| 15 | @MIB_Hindi | स्वच्छ और स्वस्थ भारत के लिए हर छोटा कदम महत्वपूर्ण है!<br>#SwachhataHiSeva2025 में भाग लें, स्वच्छोत्सव का हिस्सा बनें।<br>#SHS2025 | https://twitter.com/MIB_Hindi/statuses/1967944178337452080 |

*******************